तू खाटू होकर आना | By Abhishek Raj Anand

श्याम चाकरी मिल गई अब मंज़िल खाटू धाम
मेरे हर दर्दों का मरहम बाबा तेरा नाम

तुम जो मेरे इस चेहरे पर देख रहे मुस्कान
कल रात को सपने में आये थे बाबा श्याम
कहा था मत घबराना तू खाटू होकर आना

भक्तों के हृदय की पीड़ा जो समझे भगवान
उनके लिए सब एक बराबर निर्धन क्या धनवान
तन मन सब सेवा में लेलो होगा तेरा एहसान
कल रात को सपने में आये थे बाबा श्याम
कहा था मत घबराना तू खाटू होकर आना

हार गया था इस जीवन से रहता था परेशान
हर दम रहती थी उलझन सब बिगड़ रहे थे काम
कहा मुझे किसी श्याम भगत ने ले बाबा का नाम
कल रात को सपने में आये थे बाबा श्याम
कहा था मत घबराना तू खाटू होकर आना

छोड़ दिया सब तुझपे बाबा सुना है जग में नाम
स्वर्ग से भी सुन्दर लगता है तेरा खाटू धाम
शुभम के मन की भी अर्ज़ी सुन ले मेरे बाबा श्याम
कल रात को सपने में आये थे बाबा श्याम
कहा था मत घबराना तू खाटू होकर आना

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-abhishek-raj-anand/